AMAR UJALA, LUCKNOW
Thursday, October 10, 2013

वरुण-लोविश का आईटी आईक्यू सबसे तेज

लखनऊ (ब्यूरो)। 'वर्ष 2000 में ब्लू रे डिस्क पहली बार अस्तित्व में आई और 'द डार्क नाइट' वह पहली फिल्म थी, जिसे ब्लू रे पर भी रिलीज किया गया। इसके लिए सोनी और फिलिप्स कंपनियों ने साझा प्रयास किया।' टीसीएस की आईटी-विज 2013 के एक राउंड में कुछ विजुअल्स दिखाकर पूछे गए सवाल का एलपीएस के छात्र वरुण सिंह और लोविश पांडेय ने जिस तरह से ये जवाब दिया उससे समझा जा सकता था कि वे कितनी तैयारी से आए थे। बुधवार को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के स्कूलों के लिए हुई इस क्विज में कक्षा आठ से 12 तक के 1,400 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसे वरुण-लोविश की टीम ने एकतरफा स्कोर के साथ जीता।

विजेताओं को राज्यमंत्री अभिषेक मिश्रा ने पुरस्कृत किया।

टीसीएस ने स्कूली बच्चों के बीच आयोजित की आईटी क्विज

छह टीमों के बीच फाइनल

शुरुआती टेस्ट के बाद छह टीमों के बीच फाइनल हुआ। इनमें लखनऊ पब्लिक स्कूल आशियाना की वरुण व लोविश की टीम 75 अंकों के साथ प्रथम रही। ये नवंबर में दिल्ली में होने वाले नेशनल स्मार्ट टेक विजार्ड 2013 में शामिल होंगे। वहीं, सेंट फिडलिस कॉलेज के अंकित-मोहम्मद हमजा 35 अंकों के साथ द्वितीय, सेठ आनंदराम जयपुरिया कॉलेज के शुभंकर सेठ व ऋषभ गुप्ता 25 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता में ला-मार्टीनियर बॉयज के विद्यार्थियों के अलावा तनु मिश्रा, अभिषेक सिंह, मोहम्मद जैद, सृष्टि व प्रणव वर्मा पुरस्कृत हुए। कार्यक्रम के दौरान इससे जुड़े 231 ट्वीट्स करने के लिए विनायक झुनझुनवाला को विशेष पुरस्कार दिया गया। वहीं, नमन सिंह ने 150 और 'मैटल हैड' झा ने 151 ट्वीट्स कर पुरस्कार हासिल किया। एंकर ने बताया कि लखनऊ के किशोरों में आईटी क्वोशंट सबसे अधिक पाया गया है। पुणे, बंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद के किशोरों के आगे रहते हुए उन्होंने 11.3 का औसत स्कोर भी हासिल किया है। इस मौके पर प्रदेश के मंत्री अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ आईएस आलोक रंजन ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। टीसीएस के रीजनल हेड जयंत कृष्णा ने अतिथियों का अभिनंदन किया।